

**4.** (ε) प्रश्नानुसार, आरेख बनाने पर,





अतः कृति, संजय का फुफेरा भाई है।

**5.** (a) प्रश्नानुसार, आरेख बनाने पर,





अतः संजय, रीमा का मौसेरा भाई है।

**6.** (b)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि E, C का बहनोई है।

**7.** (d)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि B, S की आंटी है।

**8.** (a)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A, E का दादा है।

**9.** (b)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A, D की पुत्री है।

**10.** (b)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A, D की पुत्री है।

**11.** (c)





अतः उपरोक्त आरेख से स्पष्ट है कि A, D की मौसी है।

**12.** (a)




∴ उपरोक्त चित्र से स्पष्ट है कि Q, Y और P भाई-बहन हैं अतः P, Q के पुत्र A का मामा का है।

**13.** (a)




**14.** (d) बेनिटा माता है अजय और प्रेमा की।
बेंजामिन पिता है बेनिटा के।
लीला माता है बेंजामिन की।
लीला दादी है बेनिटा की।
अतः प्रेमा परपोती है लीला की।

# अध्याय 10


# बैठक व्यवस्थीकरण

बैठक व्यवस्थीकरण के अन्तर्गत आने वाले प्रश्न साधारणतः व्यक्तियों के बैठने के क्रम, बैठने की दिशा, बैठने की व्यवस्था आदि पर आधारित होते हैं। इन प्रश्नों में दी गई विभिन्न जानकारियाँ कुछ व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था पर आधारित होती हैं। आपको प्रश्न में दी गई जानकारियों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

*'बैठक व्यवस्थीकरण' से सम्बन्धित प्रश्नों को निम्न प्रकारों में विभक्त किया जा सकता है*

## 1. रेखीय क्रम व्यवस्था


इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में एक रेखा या पंक्ति में कुछ व्यक्ति या वस्तुओं को व्यवस्थित करना होता है जिनके स्थान का निर्धारण प्रश्न में दी गई सूचनाओं के आधार पर किया जाता है। व्यक्तियों के सन्दर्भ में दिए गए प्रश्नों में दाएँ तथा बाएँ शब्दों का प्रयोग होता है।




**उदाहरण 1** पाँच लड़कियाँ एक कतार में उत्तर की ओर मुँह करके खड़ी हैं। सीमा, रीता और शशि के बीच में है। लता रीता के तुरन्त बाईं ओर है। रीता बाईं ओर से दूसरी है। प्रिया कतार के एक छोर पर है। कतार के दूसरे छोर पर कौन है?


(a) सीमा (b) लता (c) शशि (d) रीता

*हल* (*b*) प्रश्नानुसार,




अतः कतार के दूसरे छोर पर लता खड़ी है।

## 2. वृत्तीय क्रम व्यवस्था





इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में कुछ व्यक्ति एक वृत्ताकार घेरे में या किसी गोलाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे होते हैं कि उनका मुँह वृत्ताकार घेरे के केन्द्र की ओर होता है। इसी अवधारणा से सम्बन्धित कुछ जानकारियाँ प्रश्न में दी गई होती हैं। आपको इन्हीं जानकारियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर देने होते हैं।

जब व्यक्ति का मुँह केन्द्र की ओर होता है, तो दक्षिणावर्त मुड़ने का अर्थ बाएँ से तथा वामावर्त मुड़ने का अर्थ दाएँ से होता है।

✓ **उदाहरण 2** पाँच लड़के वृत्ताकार घेरा बनाकर खड़े हैं। अभिनव, आलोक और अंकुर के बीच में है। अपूर्व, अभिषेक के बाईं ओर है। आलोक, अपूर्व के बाईं ओर है। बताइए कि अभिनव के ठीक दाईं ओर कौन है?

(a) अपूर्व (b) अंकुर
(c) अभिषेक (d) आलोक

*हल* (*d*) पाँचों लड़कों के बैठने का क्रम निम्नवत् है




आरेख से स्पष्ट है कि अभिनव के ठीक दाईं ओर आलोक है।

# ✓ अभ्यास के लिए प्रश्न

### ✓ रेखीय क्रम व्यवस्था

**1.** एक जन्मदिन पार्टी में, 5 मित्र एक पंक्ति में बैठे हैं। M बाईं ओर है O के और दाईं ओर है P के, S बैठा है दाईं ओर T के किन्तु बाईं ओर P के। बीच में कौन बैठा है?

(a) M (b) O (c) P (d) S

**2.** पाँच लड़के A, B, C, D और E एक पंक्ति में खड़े हैं। D, E के दाईं ओर है। B खड़ा है E के बाईं ओर किन्तु A के दाईं ओर। D बाईं ओर है C के, जो दाएँ छोर पर खड़ा है। बीच में कौन खड़ा है?

(a) B (b) C (c) D (d) E

**3.** कॉलेज पार्टी में पाँच लड़कियाँ एक पंक्ति में बैठी हैं। P, M के बाईं ओर और O के दाईं ओर बैठी है। R, N के दाईं ओर, परन्तु O के बाईं ओर बैठी है। बीच में कौन-सी लड़की बैठी है?

(a) O (b) R (c) P (d) M

**4.** पाँच मित्र P, Q, R, S और T एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठे हैं। S बैठा है, T और Q के बीच में। Q बैठा है R के निकटतम बाईं ओर तथा P बैठा है T के निकटतम बाईं ओर। बीच में कौन बैठा है?

(a) S (b) T (c) Q (d) R

**5.** A, B, C, D, E और F एक पंक्ति में बैठे हैं। E और F पंक्ति के मध्य में बैठे हैं तथा E, F के तुरन्त बाएँ बैठा है। A और B पंक्ति के दोनों छोर पर बैठे हैं। C, A के बाईं ओर बैठा है, तो B के दाईं ओर कौन बैठा है?

(a) A (b) D (c) E (d) F

**6.** पाँच पुस्तकें A, B, C, D और E हैं। इनमें C, D के ऊपर है। E, A के नीचे है तथा D, A के ऊपर है एवं B, E के नीचे है। सबसे नीचे वाली पुस्तक है

(a) A (b) B
(c) C (d) E

### ✓ वृत्तीय क्रम व्यवस्था

**7.** चार मित्र A, B, C और D एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर आमने सामने बैठे है। A, B के सामने तथा C के दाईं ओर बैठा है, तो D कहाँ बैठा है

(a) A के सामने (b) B के सामने
(c) B के दाईं ओर (d) A के दाईं ओर

**8.** पाँच विद्यार्थी A, B, C, D और E एक वृत्ताकार घेरे में एक-दूसरे के आमने-सामने बैठे हुए हैं। यदि A और D के बीच E है और B के दाईं ओर A है, तब B के निकटतम बाईं ओर कौन बैठा है?

(a) A (b) B
(c) C (d) E

**9.** छः व्यक्ति K, L, M, N, O तथा P मेज के इर्द-गिर्द बैठे हैं।

- K तथा L एक-दूसरे के विपरीत हैं।
- K के बाईं ओर M है।
- O तथा N एक-दूसरे के विपरीत हैं।
- N के दाईं ओर P है।

L के बाईं ओर कौन है?

(a) M (b) P
(c) O (d) N

**10.** पाँच मित्र एक बेंच पर बैठे हैं। A बाईं ओर है B के लेकिन दाईं ओर है C के। D, B के दाईं ओर है और E के बाईं ओर है। बेंच के छोरों पर कौन-कौन बैठे हैं?

(a) A, B (b) A, D
(c) B, D (d) C, E

### ✓ विगत् वर्षों के प्रश्न

**11.** पाँच मित्र एक पंक्ति में, दक्षिण दिशा में मुँह करके बैठे हैं उनमें मोहन, बालू और राजू के बीच में है और राजू, परवीन के ठीक दाईं ओर है। इसी तरह अमित, बालू के दाईं ओर। तद्नुसार, सबसे दाईं ओर कौन है? **[SSC कांस्टेबल, 2015]**

(a) मोहन (b) अमित
(c) परवीन (d) बालू

**12.** A, B, C और D कैरम का खेल, खेल रहे हैं। A, C और B, D पार्टनर हैं। C, D के बाईं ओर बैठा है जिसका मुख दक्षिण की ओर है, तो A का मुख किस दिशा में होगा? **[SSC कांस्टेबल, 2013]**

(a) उत्तर
(b) दक्षिण
(c) पूर्व
(d) पश्चिम

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (*c*) | 2 (*d*) | 3 (*a*) | 4 (*a*) | 5 (*b*) |
| 6 (*b*) | 7 (*d*) | 8 (*c*) | 9 (*b*) | 10 (*d*) |
| 11 (*b*) | 12 (*a*) | | | |